**तैयारी** | आगरा व कानपुर में निवेशकों को न्योता, अमेरिका- आस्ट्रेलिया और यूरोप को होगा चर्म उत्पादों का निर्यात


# लेदर फुटवियर पार्क से आठ हजार करोड़ का निवेश

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूपी में बनने जा रहे दो नए लेदर फुटवियर पार्क में आठ हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। आगरा व कानपुर में इसके लिए 300 एकड़ जमीन का इंतजाम हो गया है और केंद्र सरकार की मदद से बनने वाले ये पार्क यूपी से चर्म उत्पाद निर्यात के बड़े हब बनेंगे।

आगरा, कानपुर व उन्नाव अभी चर्म उत्पादों के निर्माण के केंद्र हैं। पर अभी चर्म इकाइयां स्वतंत्र रूप से अलग-अलग काम कर रही हैं। आधुनिक मशीनें, उपकरण, तकनीक का भी अभाव दिखता है। इन नए पार्कों में देश दुनिया की बड़ी चर्म इकाइयां अपने प्लांट लगाएंगी तो यहां चर्म उत्पादों में विविधता होगी और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के उत्पाद तैयार होंगे। कच्चे माल व सस्ता श्रम की उपलब्धता के साथ जब नई तकनीक व मशीनों से उत्पाद बनेंगे तो दुनिया भर के बाजार में अपनी पहुंच बनाएंगे।

यूपी सरकार ने यहां निवेशकों को उद्यम लगाने का आमंत्रण दिया है। यूपी सरकार जल्द यूपी लेदर पालिसी-2025 लाने जा रही है। इसमें निवेशकों को प्लांट लगाने पर कई तरह की सहूलियतें व रियायतें देने का प्रावधान किया गया है। यूपी के अलावा तमिलनाडु भी चर्म उत्पादों का बड़ा केंद्र है और इसमें काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ने तमिलनाडु की चर्म उत्पाद नीति के कई आकर्षक प्रस्ताव भी इसमें शामिल किए हैं।

**300** एकड़ जमीन का कानपुर व आगरा में इंतजाम



## इन पार्कों में किया जाएगा निर्माण

इन पार्कों में फुटवियर मैन्यूफैक्चरिंग, प्रीमियर फुटवियर में निवेश का मौका मिलेगा। फुटवियर प्रोसेसिंग यूनिट व सप्लाई चेन, तकनीक व डिजाइन सेंटर, वेयरहाउस व लाजिस्टिक का निर्माण होगा। यूपी से पहले से चर्म उत्पादों का अमेरिका, यूरोप, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड आदि देशों को निर्यात होता है।